देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 310 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...राजनीति में क्या-कुछ घट रहा



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 22 जनवरी 2020



मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 7.0°

41323.81

2 दुबई में भारतीय की लगी लॉटरी

7 इशांत टेस्ट सीरीज से बाहर

# डंके की चोट पर बोल रहा, सीएए नहीं लौटेगा

■नागरिकता कानून के तहत नागरिकता छीनी नहीं, दी जाएगीः गृहमंत्री

## अमित शाह ने नागरिकता कानून को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखऊ में एक जनसभा की। यहां पर उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय के नारों से करते हुए समाजवादी पार्टी (एसपी), कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को नागरिकता कानून को लेकर हो रही हिंसा का जिम्मेदार ठहराया।

अमित शाह ने कहा, नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रचार किया जा रहा है कि इसकी वजह से इस देश के मुसलमानों की नागरिकता चली जाएगी। ममता दीदी, राहुल बाबा, अखिलेश यादव चर्चा करने के लिए सार्वजनिक मंच तलाश लो, हमारा स्वतंत्र देव चर्चा करने के लिए तैयार है। सीएए की कोई भी धारा, मुसलमान छोड़ दीजिए, अल्पसंख्यक छोड़ दीजिए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता ले सकती है तो वह मुझे दिखा दीजिए।



**नागरिकता कानून नहीं होगा वापस**

अमित शाह ने कहा, मैं आज डंके की चोट पर कहने आया हूं कि जिसको विरोध करना है करे, सीएए वापस नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, मैं वोट बैंक के लोभी नेताओं को कहना चाहता हूं, आप इनके कैंप में जाइए, कलतक जो सौ-सौ हेक्टेयर के मालिक थे, वे आज एक छोटी सी झोपड़ी में परिवार के साथ भीख मांगकर गुजारा कर रहे हैं।

**जेएनयू के मुद्दे पर भी बोले शाह** अमित शाह ने कहा, नेहरू जी ने कहा था कि केंद्रीय राहत कोष का उपयोग शरणार्थियों को राहत देने के लिए करना चाहिए। इनको नागरिकता देने के लिए जो करना चाहिए वह करना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा, दो साल पहले जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के अंदर देश विरोधी नारे लगे। मैं जनता से पूछने आया हूं कि जो भारत माता के एक हजार टुकड़े करने की बात करें, उसको जेल में डालना चाहिए या नहीं। मोदी जी ने उनको जेल में डाला और ये राहुल ऐंड कंपनी कह रही है कि यह बोलने की स्वतंत्रता का अधिकार है।

अयोध्या में राम मंदिर को लेकर शाह ने कहा, कांग्रेस जब तक सत्ता में थी, तबतक अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर नहीं बनने दिया।

### एसपी-बीएसपी-कांग्रेस, टीएमसी पर वार

गृहमंत्री ने कहा, श्देश में भ्रम फैलाया जा रहा है, दंगे कराए जा रहे हैं, आगजनी फैलाई जा रही है, यह धरना प्रदर्शन, यह विरोध, यह भ्रांति एसपी-बीएसपी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस फैला रही है। इसमें किसी की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है।

**कांग्रेस की वजह से देश के दो टुकड़े हुएः** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, कांग्रेस के पाप के कारण धर्म के आधार पर भारत के दो टुकड़े हुए। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की संख्या कम होती रही। आखिर कहां गए ये लोग। कुछ लोग मार दिए गए, कुछ का जबरन धर्म परिवर्तन किया गया।

### अयोध्या फैसले पर सुको में अब क्यूरेटिव पिटिशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या पर फैसले को लेकर दाखिल सभी 18 पुनर्विचार याचिकाओं के खारिज होने के बाद अब शीर्ष अदालत में क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल की गई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 नवंबर 2019 के अपने फैसले में विवादित जमीन रामलला विराजमान को देने का आदेश दिया था। अब पीस पार्टी के डॉक्टर अय्यूब ने 9 नवबर के फैसले पर दोबारा विचार करने की मांग वाली याचिका दाखिल की है। चीफ जस्टिस एस ए बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने एकमत से रिव्यू पिटिशन को खारिज कर दिया था।

# सीएए विरोधी प्रस्ताव लाएगी ममता बनर्जी की सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ देशभर के कई राज्यों में प्रदर्शन हो रहा है। केरल और पंजाब की विधानसभा में बाकायदा सीएए विरोधी प्रस्ताव भी लाया जा चुका है। अब पश्चिम बंगाल की विधानसभा में 27 जनवरी को इस कानून के खिलाफ प्रस्ताव लाने की तैयारी है। इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाया गया है। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस चीफ और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शुरुआत से ही इस कानून का विरोध कर रही हैं। ममता बनर्जी ने खुद

27 जनवरी को राज्य की विस का विशेष सत्र बुलाया गया है

सीएए के विरोध में रैलियां की हैं। पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद भी ममता बनर्जी ने कहा था कि उन्होंने इस कानून को वापस लेने की मांग पीएम से की है। अब ममता बनर्जी की सरकार राज्य की विधानसभा में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। इसके लिए 27 जनवरी को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे यह प्रस्ताव विधानसभा में रखा जाएगा।



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शुरुआत से ही इस कानून के खिलाफ हैं। उनकी पार्टी ने पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में सीएए के विरोध में रैलियां की हैं। ममता बनर्जी ने खुद इन रैलियों और पैदल मार्च की अगुवाई की। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं सभी राज्यों से अपील करती हूं कि सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पास करें।

**10 जनवरी को जारी हुई अधिसूचना, सीएए लागू**

गौरतलब है कि इस कानून में किए गए संशोधनों को संसद के दोनों सदनों की सहमति मिलने के बाद राष्ट्रपति ने भी पारित कर दिया है। 10 जनवरी को अधिसूचना जारी किए जाने के बाद से यह कानून लागू हो गया है। नए कानून के मुताबिक, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए छह धर्मों के उन लोगों को नागरिकता दी जाएगी, जो धार्मिक प्रताड़ना के चलते भारत आए हैं। इन छह धर्मों में मुस्लिमों को शामिल ना किए जाने के चलते ही इसका विरोध हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहीन बाग में बच्चे क्या करते हैं? बाल आयोग सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ राजधानी के शाहीन बाग में हो रहे प्रदर्शनों में कई बच्चे भी हाथों में पोस्टर लिए अपने पैरेंट्स के साथ नजर आए हैं। वे बच्चे जो शायद अभी यह समझने की स्थिति में नहीं हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है। वहीं, इस मामले पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने संज्ञान लेते हुए प्रशासन से कहा है कि प्रदर्शनों में देखे गए गए बच्चों की पहचान करके उनकी काउंसलिंग की जाए क्योंकि संभव है कि गलत जानकारी के कारण उनका मानसिक उत्पीड़न हो रहा हो।

### चंद्रशेखर को सशर्त मिली दिल्ली आने की इजाजत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को शर्तों के साथ दिल्ली आने की इजाजत दे दी गई है। दिल्ली आने से पहले उन्हें क्राइम ब्रांच के डीसीपी को सूचित करना पड़ेगा और बताई गई जगह पर ही रुकना पड़ेगा। दरअसल, चंद्रशेखर को दरियागंज प्रदर्शन के मामले में सशर्त जमानत दी गई थी, उनमें चार सप्ताह के लिए दिल्ली छोड़ने की शर्त भी शामिल थी। इसके बाद आजाद ने जमानत की शर्तों में बदलाव के याचिका डाली गई थी।

### पेरियार पर बयान से मचा राजनीतिक घमासान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। तमिल सुपरस्टार रजनीकांत के पेरियार पर किए गए एक दावे से तमिलनाडु की राजनीति में घमासान मच गया है। उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई है, हालांकि रजनीकांत अपनी बात पर अडिग हैं और उन्होंने माफी मांगने से भी इनकार कर दिया है। रजनीकांत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने जो पेरियार के बारे में जो कहा, वह बिल्कुल सत्य है और रिपोर्ट पर आधारित है इसलिए वह माफी नहीं मांगेंगे।

# 7 घंटे लाइन में लग केजरीवाल ने भरा पर्चा

**नामांकन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नामांकन के आखिरी दिन आखिरकार पर्चा तो भरा लेकिन इसके लिए उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नामांकन केंद्र पर उन्हें करीब 7 घंटे तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। एक दिन पहले सोमवार को अपने श्रोड शो में भारी भीड़श की वजह से वह पर्चा दाखिल नहीं कर पाए क्योंकि वह दोपहर के 3 बजे के तय समय तक जामनगर हाउस में नामांकन पत्र भरने नहीं पहुंच पाए थे। पिछली बार की तरह ही इस बार भी वह नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार हैं।

बता दें कि 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 8 फरवरी को वोटिंग है। 11 फरवरी को नतीजे आएंगे। यहां मुख्य मुकाबला सत्ताधारी आम आदमी पार्टी, बीजेपी और कांग्रेस के बीच है।

**भड़की आप ने बताया नामांकन रोकने की साजिश**

नामांकन केंद्र पर पर्चा दाखिला के लिए घंटों इंतजार पर आम आदमी पार्टी भड़क गई। दिल्ली सरकार में केजरीवाल के नायब मनीष सिसोदिया ने तो इसके लिए सीधे-सीधे बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया और नामांकन रोकने की साजिश करार दिया। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि नामांकन के आखिरी दिन केजरीवाल पर्चा दाखिल न कर पाएं, इसके लिए बीजेपी ने 45 निर्दलीय उम्मीदवारों को लाइन में लगा दिया। उन्होंने ट्वीट कर बीजेपी पर तीखा वार किया, बीजेपी वालो!

**जब केजरीवाल की सीधी एंट्री पर मचा हंगामा**

नामांकन के आखिरी दिन मंगलवार को केजरीवाल दोपहर 12 बजे के करीब जामनगर हाउस में नामांकन केंद्र पहुंचे। वहां पहले से तमाम निर्दलीय उम्मीदवार अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। केजरीवाल सीधे केंद्र के भीतर पहुंच गए। उनका टोकन नंबर 45 था और उनसे पहले के टोकन वाले अभी अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। फिर क्या था, आम आदमी पार्टी के मुखिया का खास आदमी वाला अंदाज निर्दलीय उम्मीदवारों को नागवार गुजरा। जो जिस क्रम पर आया, उसी क्रम से पर्चा दाखिला हो, इस मांग को लेकर निर्दलीय उम्मीदवारों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

# पुलवामा मुठभेड़ में उत्तराखंड के राहुल रैंसवाल शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा के खीव में मंगलवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए। इस ऑपरेशन में उत्तराखंड का लाल भी शहीद हो गया। शहीद राहुल रैंसवाल चंपावत जिले के रहने वाले हैं। बेटे शहीद होने की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। दक्षिणी कश्मीर में पुलवामा के पंपोर इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। दो आतंकियों के भी मारे जाने की सूचना है, लेकिन अब तक उनके शव बरामद नहीं किए जा सके हैं।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in